कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-प्रथम) मध्य प्रदेश
ऑडिट भवन, झाँसी रोड, ग्वालियर - 474002

सं/प्रशासन/हिंदीकक्ष/त्रैबैठक/कार्यवृत्त/2023-24/एसटीआर दिनांकः13-02-2024

विषयः- राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अक्टूबर से दिसम्बर, 2023 की त्रैमासिक बैठक का कार्यवृत्त ।

कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-प्रथम) मध्य प्रदेश, ग्वालियर की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अक्टूबर से दिसम्बर, 2023 की अवधि की त्रैमासिक बैठक दिनांक 25.01.2024 को सायं 04.00 बजे आरंभ हुई । इस बैठक की अध्यक्षता सुश्री प्रिया पारिख, महालेखाकार महोदया द्वारा की गई | बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए वरिष्ठ उप महालेखाकार श्री दीन दयाल वर्मा ने आगामी कार्यवाही के लिए वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी, हिंदी कक्ष को निर्देशित किया | बैठक की कार्यवाही का संचालन श्री संजीव कुमार झांजी, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी, हिंदी कक्ष ने किया ।

इस अवसर पर संलग्न परिशिष्ट में दर्शाये गये समूह अधिकारी, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी एवं सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी उपस्थित हुये । बैठक का कार्यवृत्त निम्नानुसार है:-

1. पिछली तिमाही जुलाई से सितम्बर, 2023 की बैठक के कार्यवृत्त का वाचन, उसकी पुष्टि तथा अनुवर्ती कार्यवाही की समीक्षा ।

अध्यक्ष महोदया की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करते हुये श्री संजीव कुमार झांजी, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी, हिंदी कक्ष ने सर्वप्रथम पिछली तिमाही जुलाई से सितम्बर, 2023 की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक के कार्यवृत्त का वाचन किया जिसकी सर्व सम्मति से पुष्टि की गई । उसके बाद कार्यालय के विभिन्न अनुभागों द्वारा कार्यवृत्त पर की गई अनुवर्ती कार्यवाही की समीक्षा की गई ।

2. वर्तमान तिमाही अक्टूबर से दिसम्बर, 2023 के लिये अनुभागों से प्राप्त प्रगति प्रतिवेदनों की समीक्षा ।

अक्टूबर से दिसम्बर, 2023 की तिमाही के दौरान कार्यालय के नियंत्रक-अनुभागों एवं प्रशासन समूह के समस्त अनुभागों से प्राप्त हिंदी - पत्राचार के प्रतिशत एवं राजभाषा कार्यान्वयन के अन्य बिन्दुओं के संबंध में अनुभाग संगत समीक्षा की गई, जिसका विवरण निम्नानुसार है-

3. भेजे गए पत्रों की स्थिति हिंदी में किया गया पत्राचार का प्रतिशत-

| क्र. | नियंत्रक अनुभाग का नाम | पूर्व तिमाही का प्रतिशत | वर्तमान तिमाही का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रशासन -11 | 97.69 | 95.40 |
| 2 | प्रशासन -12 | 86.16 | 90.35 |
| 3 | प्रशासन -13 | 100 | 100 |
| 4 | प्रशासन -14 | 100 | 100 |
| 5 | सामान्य अनुभाग | 100 | 100 |
| 6 | कार्यपालन शाखा | 100 | 100 |
| 7 | आई.एस. विंग | 94.74 | 100 |
| 8 | गोपनीय कक्ष | 100 | 100 |
| 9 | आंतरिक ले.प | 100 | 100 |
| 10 | हिन्दी का.कक्ष | 100 | 100 |
| 11 | फास (विविध) | 100 | 100 |
| 12 | कल्याण शाखा | 100 | 100 |
| 13 | रिपोर्ट -1 | 85.71 | 91.89 |
| 14 | रिपोर्ट -2 | 100 | 100 |
| 15 | रिपोर्ट (पी.ए.सी) | 100 | 100 |
| 16 | विधि कक्ष | 100 | 98.95 |
| 17 | अनुदान लेखापरीक्षा | 91.67 | 99.35 |
| 18 | केंद्रीय समन्वय | 100 | 100 |
| 19 | ए.एम.जी 1 (मु.) | 99.81 | 100 |
| 20 | ए.एम.जी 2 (मु.) | 100 | 100 |
| 21 | ए.एम.जी 3 (मु.) | 100 | 100 |
| 22 | ए.एम.जी 4 (मु.) | 96.70 | 95.49 |
| 23 | ए.एम.जी 5 (मु.) | 100 | 100 |

नोटः- प्रशासन-11, 12, रिपोर्ट-1, विधि कक्ष, अनुदान लेखापरीक्षा, एवं ए.एम.जी 4 (मु.) अधिकाधिक कार्य हिंदी में कर रहे हैं परन्तु निर्धारित लक्ष्य 100 प्रतिशत से कम पर कार्य कर रहे हैं ।

पिछली तिमाही की तुलना में वृद्धि का विवरण-

| अनुभाग | पूर्व तिमाही का प्रतिशत | वर्तमान तिमाही का प्रतिशत | प्रतिशत वृद्धि |
|---|---|---|---|
| प्रशासन- 12 | 86.16 | 90.35 | 4.19 |
| आई.एस. विंग | 94.74 | 100 | 5.26 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| [illegible] | | | |
| रिपोर्ट-1 | 85.71 | 91.89 | 6.18 |
| अनुदान लेखापरीक्षा | 91.67 | 99.35 | 7.68 |
| ए.एम.जी.-1(मु.) | 99.81 | 100 | 0.19 |

पिछली तिमाही की तुलना में कमी का विवरण-

| अनुभाग | पूर्व तिमाही का प्रतिशत | वर्तमान तिमाही का प्रतिशत | प्रतिशत कमी |
|---|---|---|---|
| प्रशासन-11 | 97.69 | 95.40 | 2.29 |
| विधि कक्ष | 100 | 98.95 | 1.05 |
| ए.एम.जी.-4 (मु.) | 96.70 | 95.49 | 1.21 |

कार्यालय से भेजे गए कुल पत्रों का प्रतिशत-

| हिंदी | अंग्रेजी | कुल | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 2783 | 79 | 2862 | 97.24 |

पूर्व तिमाही का प्रतिशत - 96.46

वर्तमान तिमाही का प्रतिशत - 97.24

इस तिमाही में वृद्धि का प्रतिशत - 0.78

4. राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) का अनुपालन -

इस तिमाही में धारा 3(3) के अंतर्गत विभिन्न अनुभागों से कुल 287 कागजात जारी किए गए जो सामान्य अनुदेश प्रकृति के थे । इनमें से कोई भी कागजात केवल अंग्रेजी में जारी नहीं किया गया । अतः कार्यालय द्वारा धारा 3(3) का पूर्णतः पालन किया गया ।

5. हिंदी में प्राप्त पत्रों की स्थिति (नियम 5 का अनुपालन) -

इस तिमाही में कुल 4729 पत्र हिंदी में प्राप्त हुए । इनमें से कुल 2674 पत्रों के उत्तर हिंदी में एवं 234 पत्र निराकरण के लिए शेष थे । बाकी बचे पत्र नस्ती

किए गए । इस तरह नियम 5 का पूर्णतः पालन किया गया ।

6. फाइलों पर हिंदी में कार्य-

(क) तिमाही के दौरान लिखी गई कुल टिप्पणियों की संख्या - 4352
(ख) हिंदी में लिखी गई टिप्पणियों की संख्या - 4332
(ग) अंग्रेजी में लिखी गई टिप्पणियों की संख्या - 20

7. उक्त तिमाही में 07.12.2023 को एकदिवसीय हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें कार्यालय के कुल 13 सदस्यों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया |

अध्यक्ष महोदया का उद्‌बोधनः- अध्यक्ष महोदया ने निम्नलिखित निर्देश दिये ।

1. जिन अनुभागों द्‌वारा हिंदी में निर्धारित लक्ष्य **100%** प्राप्त नहीं किया है उन अनुभागों को निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया ।
2. समूह अधिकारीगण, शाखा अधिकारीगण एवं संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सार्थक प्रयास करें तथा अपने अधीन कार्यरत कर्मचारियों को भी लक्ष्य प्राप्ति हेतु निर्देशित करें ।
3. राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए राजभाषा विभाग द्‌वारा प्रदान की जाने वाली राजभाषा शील्ड के जीतने हेतु भी प्रोत्साहित किया जिसके लिए निर्धारित मानकों को कार्यालय के समस्त अनुभागों में प्रेषित कर शत प्रतिशत कार्य हिंदी में करने हेतु निर्देशित किया |
4. जिन अनुभागों ने हिंदी में शत प्रतिशत कार्य किया है, वे बधाई के पात्र हैं ।

बैठक के अंत में श्री संजीव कुमार झांजी, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी, हिंदी कक्ष ने सभी उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया । अध्यक्ष महोदया की अनुमति से बैठक की कार्यवाही सम्पन्न घोषित की गई ।

VINOD KUMAR DIXIT
वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी
हिंदी कक्ष

# कार्यवृत्त - परिशिष्ट

महालेखाकार महोदया की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 25.01.2024 को सम्पन्न बैठक में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची-

| क्र. | सर्व श्री/ सुश्री/ श्रीमती | पदनाम | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | दीन दयाल वर्मा | वरिष्ठ उप महालेखाकार | प्रशासन/ए.एम.जी.-05 |
| 2 | सुमित कुमार | उप महालेखाकार | ए.एम.जी.-02 |
| 3 | जितेंद्र कुमार बंसल | सचिव, महालेखाकार | सचिवालय, महालेखाकार |
| 4 | संजीव कुमार झांजी | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | हिंदी कक्ष |
| 5 | सुजीत कुमार डे | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | रिपोर्ट-1 |
| 6 | मनोज कुमार | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | ए.एम.जी.-03 (मुख्यालय) |
| 7 | रश्मि मिश्रा | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | ए.एम.जी.-02 (मुख्यालय) |
| 8 | मंजुला आर.कृष्णन | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | ए.एम.जी.-04 (मुख्यालय) |
| 9 | धनंजय कुमार | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | प्रशासन-11, 12 |
| 10 | मनोज कुमार सिंह श्यौरान | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | कल्याण शाखा, आई.एस.विंग |
| 11 | विजय सुगंधी | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | ए.एम.जी.-01 (मुख्यालय) |
| 12 | दीपलता प्रसन्नन | वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | ए.पी.डी.ए.सी. |
| 13 | राजेश एन. हथवलने | सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी | प्रशासन |
| 14 | राममणि तिवारी | सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी | रिपोर्ट-1 |
| 15 | स्वपन साहा | सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी | प्रशासन-14 |
| 16 | स्वर्णलता गुप्ता | सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी | हिंदी कक्ष |
| 17 | विजय सिंह मीना | वरिष्ठ लेखापरीक्षक | हिंदी कक्ष |

VINOD KUMAR
DIXIT
वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी
हिंदी कक्ष